Library

School of Planning and Architecture, Bhopal

S.No.01 April, 2023

दैनिक भास्कर (सिटी भास्कर) पेज न. 2	~~20~~ 19/04/2023

हेरिटेज पर भी पड़ रहा क्लाइमेट चेंज का असर, सब कुछ हो रहा प्रभावित : पंडित

यूनेस्को सब रीजनल कॉन्फ्रेंस

सिटी रिपोर्टर . भोपाल

क्लाइमेट चेंज का असर हेरिटेज बिल्डिंग्स के साथ नेचुरल और अन्य तरह के हेरिटेज पर भी पड़ रहा है। इसके लिए मालदीव में केस स्टडी भी की गई है। यह बात कोरल स्टोन कंजर्वेशन एक्सपर्ट मुनीस पंडित ने मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेशन सेंटर में यूनेस्को की सब रीजनल कॉन्फ्रेंस के आखिरी दिन कही। एसपीए की डॉ. विशाखा कवठेकर ने प्राचीन जल संरचनाओं के बारे में जानकारी दी।

हेरिटेज इंपैक्ट असेसमेंट पर फोकस

हिस्टोरिकल अर्बन लैंड एप्रोच ग्वालियर और ओरछा में शुरू की गई है। इसके बारे में आर्किटेक्ट निशांत उपाध्याय ने बताया कि इसमें हम यह नहीं कहते कि शहर में डेवलपमेंट वर्क रोक दिए जाएं। शहर बढ़ाओ, लेकिन उससे यहां का सांस्कृतिक महत्व कम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हेरिटेज इंपैक्ट असेसमेंट पर फोकस करना बहुत जरूरी है। ग्वालियर और ओरछा शहर के प्रोजेक्ट पर यूनेस्को नई दिल्ली की चीफ ऑफ कल्चलर जूनही हान और निशांत उपाध्याय ने प्रजेंटेशन दिया। कॉन्फ्रेंस में आए डेलिगेट्स को सिकंदर मलिक ने हेरिटेज वॉक कराई। कमला पार्क से शुरू होकर वॉक सदर मंजिल में खत्म हुई